Publication: Dainik Bhaskar
Date: 24/10/2016
Edition: New Delhi
Page No: 3
Headline: Technology quiz to be held in IIT Delhi

आईआईटी दिल्ली में होगी स्कूलों की टेक्नोलॉजी क्विज

नई दिल्ली | आईआईटी दिल्ली में देश भर के स्कूलों की टेक्नोलॉजी क्विज का आयोजन 12 नवंबर को होने जा रहा है। इसमें एंट्री फ्री है, कक्षा 8 से 12वीं तक के छात्र इस क्विज में हिस्सा ले सकते हैं। हर स्कूल से दो सदस्यीय टीमें इसमें भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता का प्रारूप लिखित प्रीलिमनरी राउंड की सर्वश्रेष्ठ छह टीमें रीजनल फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करेंगी। फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली एक ही स्कूल की कई टीमों में सबसे अधिक स्कोर करने वाली टीम को ही मंच पर बुलाया जाएगा। रीजनल फाइनल्स की विजेता टीमें दिसंबर में मुंबई में आयोजित होने वाले मेगा फाइनल्स में आपस में मुकाबला करेंगी। विजेता टीम एक एस्कॉर्ट के साथ मुंबई भेजा जाएगा।